कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005
PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005
Phone: 0512-2217957
Email: rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-24/12/1/एम.टी.एस./1/2024-स्था.

परिपत्र

विषय: कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 की दिनांक- 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार अंतिम वरिष्ठता सूची।

उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 की दिनांक- 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची स्थापना शाखा-I, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर द्वारा समसंख्यक 'परिपत्र' दिनांक- 25.10.2024 द्वारा इस आशय के साथ परिचालित की गई थी कि क्रम सं. 01 से 69 तक के कार्मिकों के संदर्भ में विवरण के संबंध में तथा क्रम सं. 70 से 159 तक के कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर दि.14.11.2024 को सांय 05:00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें।

उपरोक्त ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची के संबंध में कर्मचारियों से प्राप्त आपत्तियों/अभ्यावेदनों एवं उन आपत्तियों पर सक्षम अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय इस शाखा के समसंख्यक 'आदेश' दि. 02.12.2024 के माध्यम से जारी किया जा चुका है। उक्त आदेश में सक्षम अधिकारी के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2021 की संशोधित ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस शाखा के समसंख्यक 'परिपत्र' दि. 03.12.2024 के माध्यम से इस आशय के साथ परिचालित की गई थी कि कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर दि. 09.12.2024 को सांय 05:00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें।

अत: निर्धारित तिथि व समय तक इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन प्राप्त न होने के कारण उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 की दिनांक- 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार अंतिम वरिष्ठता सूची को सक्षम अधिकारी द्वारा **अंतिम** घोषित किया जाता है।

अंतिम वरिष्ठता सूची www.esic.gov.in पर भी उपलब्ध है।

संलग्न: अंतिम वरिष्ठता सूची।

Signed by Anita Suresh
Date: 13-12-2024 12:08:17
(अनिता सुरेश)
उप-निदेशक (स्थापना शाखा-I)

प्रतिलिपि:-
1. क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय, के निजी सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ।
2. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
5. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
6. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग की अंतिम वरिष्ठता सूची की प्रति विषय "FINAL SENIORITY LIST OF MTS POSTED IN U.P. REGION for Year 2019, 2020, 2021, 2022 & 2023 (as on 31.12.2023)" के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें।
7. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड।